

नवभारत
सतना, मंगलवार, 05 मई , 2026


# अन्नेलाल बैगा मारपीट मामला गरमाया, आयोग अध्यक्ष पहुंचे घर

## राज्य अजजा आयोग अध्यक्ष रामलाल रौतेले ने पीड़ित से की मुलाकात, विधायक व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जाना पूरा घटनाक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 4 मई। एनसीएल परियोजना निगाही के घोरौलीकला बैगा बस्ती निवासी अन्नेलाल बैगा के साथ हुई बर्बर मारपीट का मामला इन दिनों तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है और मामला राजनीतिक रूप से भी गरमा गया है।**

इसी क्रम में म.प्र. राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेले आज एक दिवसीय दौरे पर सिंगरौली पहुंचे। देर शाम वे सीधे पीड़ित अन्नेलाल बैगा के घर पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित और उसकी पत्नी से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली। बताया जा रहा है कि चार दिन पूर्व अन्नेलाल बैगा के साथ सुरक्षा कंपनी बजरंग



सिक्योरिटी के संचालक एमडी सिंह एवं सुरक्षा कर्मी प्रदीप पटेल मधुकान कंपनी द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तेजी से सुर्खियों में आ गया और जिले की राजनीति भी गर्मा गई।

निरीक्षण के दौरान पीड़ित द्वारा मूलभूत सुविधाओं के अभाव की शिकायत किए जाने पर आयोग अध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर मौजूद अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि बस्ती में पानी, बिजली और सड़क जैसी आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं।

इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में निवासरत सभी आदिवासी परिवारों को चिन्हित कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, जिला महामंत्री विक्रम सिंह चंदेल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं खण्डस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार से जाना कुशल क्षेम

मीडिया से बात करते हुए अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि 2 दिन पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से हमें यह जानकारी मिली थी कि सिंगरौली जिले के नवानगर थाना क्षेत्र में रहने वाले अन्नेलाल बैगा के द्वारा एनसीएल में सिक्योरिटी चला रहे एक व्यक्ति के द्वारा हॉकी से बुरी तरह से मारपीट की गई है। जिसको लेकर आज हमने सिंगरौली का दौरा किया है। पीड़ित परिवार से मुलाकात की है मूलभूत सुविधाओं सहित सरकार की जिन योजनाओं का लाभ पीड़ित परिवार को नहीं मिला है, उसके लिए हमने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया है की तत्काल रूप से मूलभूत सुविधाओं के साथ शासन स्तर से मिलने वाली योजनाओं का लाभ भी पीड़ित परिवार को दिलाया जाना सुनिश्चित करें।

### नौकरी के नाम पर ढाई लाख रुपए लेने का आरोप

इसके अलावा वहीं पर रहने वाले एक महिला ने आयोग के अध्यक्ष से इस बात की शिकायत की कि नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति के द्वारा उससे ढाई लाख रुपए ले लिए गए और कुछ दिन काम भी कराया गया, लेकिन इसके बाद निकाल दिया गया और न तो अब तक हमारे ढाई लाख रुपए वापस किए जा रहे और न ही हमने जो मजदूरी की थी उसकी मजदूरी मिली है, जिस पर आयोग के अध्यक्ष ने तत्काल रूप से मौके पर मौजूद सीएसपी को निर्देशित किया है कि पीड़ित परिवार से आवेदन पत्र लेकर नौकरी के नाम पर लिए गए पैसे वापस दिलाए जाने के साथ उनकी मजदूरी का भी भुगतान कराया जाए। साथी ही ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### साहब मुझे योजनाओं का लाभ नहीं मिला है

इस दौरान पीड़ित अन्नेलाल बैगा ने अध्यक्ष से कहा कि हमें सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं का किसी भी तरह से कोई लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, इसके अलावा हमारे घर में बिजली, पानी, शौचालय सहित सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। जिस पर तत्काल रूप से आयोग के अध्यक्ष ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द परिवार को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाए, इसके अलावा सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाना सुनिश्चित करें। जिस पर वहां मौजूद अधिकारियों ने अध्यक्ष को बताया कि पीड़ित व्यक्ति का अब तक आधार कार्ड नहीं बना है, जिस पर अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि तत्काल रूप से पीड़ित व्यक्ति का आधार कार्ड बनवाकर सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ दिलाया जाए ।

## 2 घण्टे के अंदर बरामद हुआ लापता युवक

**विंध्यनगर।** विंध्यनगर थाना क्षेत्र के दुद्धिचुआ सेक्टर के आवास से एक युवक अचानक लापता हो गया। हालांकि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस 2 घंटे के अंदर दस्तयाब करने में सफल रही। थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी को सूचनाकर्ता फूलमती साकेत पति स्व. ददनू प्रसाद साकेत उम्र 55 वर्ष निवासी घिनहा गांव द्वारा सूचना मिली कि यह अपने पूरे परिवार सहित 31 मार्च को अपने बड़े लड़के सुनील साकेत की ससुराल सेक्टर-बी दुद्धिचुआ क्वार्टर नम्बर एमक्यू 0-582 में आये थे और वहीं परिवार सहित रह रहे थे, 2 मई के शाम करीबन 7 बजे छोटा लड़का अनिल कुमार साकेत पिता स्व. ददनू साकेत 37 वर्ष जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है, क्वार्टर से समोसा खाने दुर्गा मण्डप दुद्धिचुआ निकला था, जो आज दिनांक तक वापस नही आया है, जिसकी आसपास एवं नात रिस्तेदारी में पता तलास किये, लेकिन लड़के अनिल का कहीं कोई पता नही चला । 2 घंटे के कड़ी मशक्कत करने के बाद दस्तयाब कर परिजनों को सौप दिया।

## जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**सिंगरौली**.(एनबीएन)। कलेक्टर गौरव बैनल ने जिले में गिरते भू-जल स्तर और संभावित पेयजल संकट को देखते हुए पूरे राजस्व जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट के अनुसारए इस वर्ष वर्षा सामान्य से 6.92ः अधिक होने के बावजूद निजी नलकूपों के अत्यधिक दोहन से जल स्तर में तेजी से गिरावट आई है। म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत जारी यह आदेश 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत अब बिना संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की पूर्व अनुमति के कोई भी नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा।

# जनता के विश्वास और विकास की जीत : रामनिवास

## बिलौंजी विधायक कार्यालय में भाजपा की जीत पर ढोल-नगाड़ों के साथ निकला विजय जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 4 मई। जिले के बिलौंजी स्थित विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में मिली ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में विजय जुलूस निकालकर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया।**

कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक रामनिवास शाह ने किया, जिनकी अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान विधायक रामनिवास शाह ने



कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, संगठन की मजबूत रणनीति और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इसे जन-जन के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत बताते हुए कहा कि जनता ने सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा नेता, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विजय जुलूस के दौरान जय श्री राम और भाजपा के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी से पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया, जिससे क्षेत्र में अलग ही उत्साह देखने को मिला। यह जश्न न केवल पार्टी की जीत का प्रतीक रहा, बल्कि देश में विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन के प्रति जनता की अटूट आस्था को भी दर्शाता है।

# जनगणना कार्य में ननि सिंगरौली ने प्रदेश में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 4 मई। जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण और गणना के कार्य में नपानि सिंगरौली ने पूरे म.प्र. में अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है।**

ननि आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगरीय क्षेत्र सविता प्रधान के मार्गदर्शन और नेतृत्व में जोन क्रमांक-3 के प्रगणक अनुकेश तिवारी ने प्रदेश के समस्त नगर निगमों में सबसे पहले और गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपने आवंटित क्षेत्र का कार्य पूर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्राप्त जानकारी अनुसार जोन क्रमांक-3 के एचएलबी संख्या-



28 में तैनात प्रगणक अनिवेश तिवारी ने अत्यंत निष्ठा और तत्परता के साथ कार्य करते हुए 2 मई को ही मकान गणना का कार्य पूर्ण कर लिया। यह न केवल सिंगरौली नगर निगम बल्कि संपूर्ण म.प्र. के नगरीय निकायों के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस सफलता में सुपरवाइजर पवन शाह का सतत मार्गदर्शन और चार्ज अधिकारी एचएम श्रीवास्तव का प्रभावी प्रबंधन महत्वपूर्ण रहा।




CMYK